# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14.0 डिग्री


11 क्षेत्र की सड़कों के नव निर्माण और उन्नयन से गांव के ...



12 दो स्कूलों के 310 छात्रों को संयत्र ने दिया कैरियर ...






# पं. उपाध्याय का जीवन सेवा, सादगी और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुराने नगर पालिका परिसर में एकत्र होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सेवा, सादगी और राष्ट्र समर्पण का प्रेरक उदाहरण था। उन्होंने अंत्योदय दर्शन के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से जनसेवा के मार्ग पर चलने और उनके विचारों को व्यवहार में उतारने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता नंदकुमार साहू एवं नीलम सोनी सहित अन्य वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारधारा और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनका चिंतन आज भी सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए मार्गदर्शक है।

## अंत्योदय दर्शन को आत्मसात करने का लिया संकल्प



### ये रहे मौजूद

श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, नंदकुमार साहू, नीलम सोनी, नरेश केसरवानी, सुशीला वर्मा, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, आलोक अग्रवाल, मणिकांत मिश्रा, महामंत्री संजय श्रीवास, राहुल सोनी, धीरज बाजपेई, सरिता मार्के, रोहित साहू, अमितेश नेताम, रितेश श्रीवास्तव, मुरारी साहू, ईदुं पंजवानी, तरुण वर्मा, नीरज सोनी, धनेश्वरी वर्मा, संतोष कोसले, लोकनाथ जायसवाल, धनीराम मार्के, सत्यप्रकाश नेगी, जगमोहन धृतलहरे, विपत साहू, कमल टंडन, सोमेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शिविर : किसानों का अधिकार अभिलेख व रंजना का फौती नामांतरण हुआ

# पंचायतों के राजस्व शिविरों में 194 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के क्लस्टर पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में कुल 263 विभिन्न समस्याओं से सम्बधित आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 194 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं शेष 69 आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिये गए। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ ही दस्तावेजों का वितरण भी किया गया। स्वामित्व योजना अंतर्गत 100 स्वामित्व कार्ड बांटे गए। कलेक्टर सोनी के निर्देश पर अपर कलेक्टर एवं एसडीएम शिविर में पहुंच कर जायजा लिये और आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही दस्तावेजों का वितरण भी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील बलौदाबाजार में 53 आवेदन में से 46 का निराकरण किया गया। लवन में 96 में से 58, पलारी में 38 में स्व 15, भाटापारा में 23 में से 22, सिमगा में 26 में से 25 आवेदन, सुहेला में 10 में से 8 एवं टुण्ड्रा में 7 में से 3 आवेदन एवं सोनाखान में 18 में से 17 आवेदनों का निराकरण किया गया है।






### राजस्व शिविर में आवेदनों पर हुई त्वरित कार्रवाई





**बलौदाबाजार।** राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित राजस्व शिविर में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होने से उन्हें लाभ मिल रहा है। बुधवार को तहसील बलौदाबाजार में आयोजित शिविर में जगदेव ध्रुव को अधिकार अभिलेख मिला वहीं रंजना शर्मा का फ्रौती नामांतरण की समस्या दूर हुई। ग्राम भरसेली निवासी जगदेव ध्रुव पिता दुलेशर ध्रुव ने बताया कि उनके पास घर का पट्टा नहीं था। राजस्व शिविर में घर का पट्टा के लिए आवेदन दिया था। आवेदन देने के कुछ घण्टे बाद ही त्वरित रूप से आवेदन का समाधान हुआ। और घर का पट्टा मिल गया। इस तरह बलौदाबाजार निवासी रंजना शर्मा ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद फौती नामांतरण के लिए परेशान थी, लेकिन राजस्व पखवाड़े में एक आवेदन पर त्वरित रूप से फौती नामांतरण हो गया। जगदेव एवं रंजमा ने राजस्व शिविर की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन की अच्छी पहल है जिसमें लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। ऐसे आयोजन समय -समय पर होते रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के सभी तहसीलों में कलस्टर ग्राम पंचायत में 11 फ्ररवरी से राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 19 फ्ररवरी तक चलेगा। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की उपस्थित हेतु शिविर स्थल एवं समय के सम्बन्ध में ग्रामो में मुनादी कराने कहा गया है।

# शराब विवाद पर युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या पुलिस ने आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मेहता नगर में युवक की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 8 घंटे के भीतर हिरासत में लिया। आरोपी ने शराब पिलाने की बात को लेकर लड़ाई किया और इस घटना को अंजाम दिया।



10 फरवरी को प्रातः सूचना मिली कि मेहता नगर बस्ती में एक युवक का शव मिला है। सूचना पर शहर थाना पुलिस बल द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंच निरीक्षण किया गया, जिसमें युवक का शव सोनू गायकवाड़ ग्राम पेंडरी-भटभेरा थाना सुहेला निवासी का होना पाया गया। मृतक सोनू गायकवाड़ करीबन 6 माह पूर्व से मेहता नगर में आकर रोजी मजदूरी का काम करता था। प्रारंभिक जांच एवं प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात आरोपी द्वारा धारदार हथियार से युवक के गर्दन आदि में वारकर गंभीर चोंट पहुंचाकर हत्या करना प्रतीत हो रहा था। धारा 103(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

शहर थाना पुलिस घटना स्थल के आसपास तथा मोहल्ले में रहने वाले एवं मृतक के जान पहचान वाले लोगों से विस्तृत पूछताछ की, जिसके आधार पर मेहता नगर आरोपी 20 वर्षीय लक्की भारद्वाज को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर पता चला कि घटना वाले दिन को आरोपी द्वारा शराब पिलाने की बात को लेकर मृतक सोनू गायकवाड़ से झगड़ा किया। इस दौरान आवेश में आकर आरोपी द्वारा लोहे के टंगिया से उसके गले आदि में प्राण घातक वार करते हुए उसकी हत्या कर दिया गया। घटना पश्चात आरोपी द्वारा टंगिया को टेउराम कॉलोनी के पीछे झाड़ी में छुपा दिया था, इसके बाद आरोपी फरार हो गया। प्रकरण में आरोपी को 11 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# शादी में हॉर्न बजाने पर विवाद, युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्राम खम्हरिया यदु में जान से मारने की धमकी देकर गंभीर रूप से मारपीट करने वाले 1 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा हॉर्न बजाने की बात को लेकर आवेश में आकर धारदार वस्तु से प्रार्थी के साथ मारपीट किया। प्रार्थी समीर सोनवानी निवासी ग्राम खम्हरिया यदु द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 9 फरवरी को रात्रि 9 बजे लगभग वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम अमेरा जा रहा था। इस दौरान चौक में शादी कार्यक्रम में बहुत भीड़ भाड़ होने से प्रार्थी द्वारा रास्ता देने के लिए मोटरसाइकिल का हॉर्न बजाया गया, जिस पर आरोपी समीर ध्रुव एवं अन्य द्वारा हार्न क्यों बजा रहे हो कर कर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई तथा अपने पास रखे धारदार वस्तु से वार करते हुए गंभीर चोट पहुंचाया है कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 351 (2), 118 (1), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी समीर ध्रुव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा हॉर्न बजाने की बात को लेकर आवेश में आकर अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के साथ गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।



### अमेरा में शिव महापुराण का आयोजन

**पलारी।** अमेरा में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर बोल बम सेवा समिति खड़ाबंद तालाब एवं ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 9 से 17 फरवरी तक जारी रहेगा। इस आयोजन से गाँव की माहौल शिवमय हो गया एवं सभी भक्तों के श्रीमुख से हर-हर महादेव एवं बोल बम की जयकारों से गूंज रहा है।

# महाशिवरात्रि 15 को, शहर में निकलेगी विशाल शोभा यात्रा, 108 जोड़े करेंगे रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर नगर में विशाल शोभा यात्रा व 108 जोड़ों द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक की रूपरेखा बनाने व तैयारी के संदर्भ में जय भोले कांवरिया संघ की बैठक श्याम स्नेह एजेंसी में संपन्न हुई। इसमें तय किया गया कि 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर संध्या 3 बजे महासती मंदिर से भगवान शिव की विशाल शोभा यात्रा निकलेगी, जो गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक, आजाद चौक, जयस्तंभ चौक, फौवारा चौक होते हुए नगर पालिका स्थित महाकाल मंदिर तक जायेगी, जहां भगवान शंकर की महाआरती कर ठंडाई का प्रसाद वितरण किया जाएगा। तदुप्रांत रात्रि 8 बजे से पद्मा रिजॉर्ट तरेंगा रोड में पंडित जितेंद्र तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में 108 जोड़ों द्वारा भगवान शंकर का पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक किया जाएगा। विदित हो की जय भोले कांवरिया संघ द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर प्रतिवर्ष जो शोभायात्रा निकाली जाती है, उसमें शामिल होने नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी शिवभक्त आते हैं, जिनका नगर की धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक व राजनीतिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत किया जाता है। पार्थिव शिवलिंग पूजन रुद्राभिषेक में बैठने वाले जोड़ों के लिए पूजा की समस्त सामग्री की व्यवस्था संघ द्वारा निशुल्क की जाती है। इस वर्ष रुद्राभिषेक में बैठने के लिए जोड़ों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। उक्त आयोजन को लेकर शिवभक्तों में विशेष उत्साह दिख रहा है। आयोजन समिति भी सभी तैयारियों को पूर्ण रूप देने में सक्रिय है। सम्पूर्ण आयोजन को लेकर हुई बैठक में प्रमुख रूप से संघ के वरिष्ठ सदस्य विपिन अग्रवाल, बृज किशोर अग्रवाल,मुकेश बालानी,गोपाल पुरोहित,दीपक मल,रामजी जोशी, रवि गुप्ता,प्रकाश शर्मा,धनंजय गुप्ता, विनय ठाकुर,मोनू मल दिनेश सचदेव,नंदन शर्मा सहित भागवत कथा वाचक पंडित हरगोपाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

सहेला थाना क्षेत्र से 5.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त

# 46 लीटर शराब जब्त, अलग-अलग स्थानों से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आबकारी विभाग की टीम ने 46 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त किया। जानकारी के अनुसार पलारी में बालसमुंद तालाब के पास विमल गुटखा के बड़े थैले में रखे 98 पौवा देशी मदिरा मसाला 17.64 बल्क लीटर लावारिस रूप से रखे जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 9,800 होना पाया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया एवं तेजेश्वर गहिरवारे थाना पलारी अंतर्गत निवासी टीला के कब्जे से 7.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 4,000 होना पाया गया। आरोपी तेजेश्वर गहिरवारे के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया।



इसी प्रकार बलौदाबाजार वृत्त में आबकारी विभाग की टीम ने करमंदा निवासी डागेश्वर प्रसाद वर्मा के कब्जे से 7.2





लीटर देशी मदिरा मसाला एवं लवन निवासी आरोपी संदीप निषाद के कब्जे से 9 लीटर देशी मदिरा मसाला कुल 16.2 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 9,000 होना पाया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया। सिमगा में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपी संतु कटेर ग्राम साराडीह थाना सहेला के कब्जे से 5.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 3,000 होना पाया गया। आरोपी संतु कटेर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम कर प्रकरण को विवेचना पर लिया गया।

कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राव, मनराखन नेताम, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी नगर सैनिक राजकुमारी पैंकरा, दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महाशिवरात्रि पर बालाजी दरबार में होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर खरोरा स्थित श्री बालाजी दरबार में भगवान शिव की आराधना हेतु रात्रिकालीन चार प्रहर पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अवसर पर श्रद्धालुजन पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजन एवं आरती करेंगे। मंदिर के सेवक पं. धनंजय शर्मा के अनुसार महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहरों में विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रत्येक प्रहर में शिवलिंग का जल, दूध, दही, घी, शहद एवं बेलपत्र से अभिषेक किया जाएगा। साथ ही मंत्रोच्चारण, भजन-कीर्तन एवं शिव स्तुति से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय होगा। महाशिवरात्रि की महिमा बताते हुए पं.ने कहा



महाशिवरात्रि सनातन धर्म का अत्यंत पवित्र पर्व है, जिसे भगवान शिव के प्रथम पूजा का प्रतिक माना जाता है धार्मिक मान्यता है कि इसी रात्रि भगवान शिव ने सृष्टि के कल्याण हेतु विषपान किया था और इसी दिन शिवतत्व का प्राकट्य हुआ था। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि की रात्रि जागरण, व्रत और पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, पापों का नाश होता है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

## खबर संक्षेप

### अमेठी में 5 दिनी मानस गायन का शुभारंभ



**पलारी।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने पलारी विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम अमेठी में पांच दिवसीय मानस गायन कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे से अच्छा कर्म करना चाहिए, यदि आपने अपने जीवन में आम का पौधा लगाया है तो एक दिन आपको मीठे-मीठे फल अवश्य ही प्राप्त होंगे और यदि आपने बबूल का पेड़ लगाया है तो उसमें एक न एक दिन ऐसा आएगा कि लंबे-लंबे कांटे उत्पन्न होंगे ही। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व ग्राम वासियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई।

### चलती ट्रेन पर चढ़ते व्यापारी गिरा, हाथ कटा

**भाटापारा।** बुधवार सुबह 9.30 बजे ट्रेन मे चढ़ते समय एक व्यक्ति का संतुलन बिगडने से ट्रेन के नीचे गिर जाने ट्रेन के पहिये के चपेट में आ जाने उसका हाथ कट गया। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार बीकानेर से बिलासपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन से दाल मिल व्यावसायी अजीत गोदवानी का बांया हाथ भुजा से कट गया। घटना के बाद तत्काल जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। घटना के संबंध में जीआरपी के ध्रुव ने बताया कि अजीत गोदवानी बीकानेर एक्सप्रेस जो कि स्टार्ट हो चुकी थी इसी बीच वह ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था कि इसी बीच उसका हाथ हैडिल से छूट गया और वह सीधे ट्रेन के नीचे जा गिरा और उसका हाथ ट्रेन के पहिये की चपेट में आ गया। घटना के बाद ट्रेन को चैन पुलिंग कर रोका गया और घायल अजीत को उठाकर प्लेटफार्म में लाया गया। ध्रुव ने बताया वह बिलासपुर जा रहा था, घटना में घायल अजीत बातचीत कर रहा था। घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है।

### निजी हॉटलों का टुरिज्म बोर्ड में पंजीयन अनिवार्य

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटकों को सुरक्षित गुणवत्तापूर्ण एवं मानक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु निजी होटलों, लॉज, रिसोर्ट, होम स्टे एवं अन्य आवासीय इकाईयों का छत्तीसगढ़ टुरिज्म बोर्ड साथ पंजीयन कराना आवश्यक किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में संचालित निजी होटलों, लॉज, रिसोर्ट, होम स्टे एवं अन्य आवासीय इकाईयों का पंजीयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समयबद्ध पंजीयन कराने के निर्देश दिये है। पंजीयन की प्रक्रिया ऑनलाइन टुरिज्म बोर्ड के वेबसाईट से एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकेगा।

### आत्मानंद कालेज में बजट क्वेस्ट का आयोजन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 11 फरवरी 2026 को डॉ. अनुसुइया अग्रवाल की अध्यक्षता में माय भारत केंद्र, महासमुंद द्वारा बजट क्वेस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बजट क्वेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को केंद्रीय बजट की मुख्य विशेषताओं, आर्थिक नीतियों तथा देश के विकास में बजट की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्थिक जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें समसामयिक विषयों से अवगत कराना था।

**खबर संक्षेप**

## बेलसोंडा में हटाया गया बेजा कब्जा

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा में तीन लोगों के द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर बेदखली की कार्रवाई करते हुए इन जमीनों को कब्जा मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व और पुलिस अमला मौजूद रहा। मिली जानकारी के अनुसार जिन जमीनों से कब्जा हटाया गया है उनका शासकीय भूमि खसरा नंबर 1661, 1651, 1654 है। जिसमें संबंधित पटवारी, आरआई, पंचायत पदाधिकारीगण एवं समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में कब्जा मुक्त कराया गया।

## शिक्षामंत्री यादव ने सुनी कार्यकताओं की समस्याएं

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहयोग केंद्र में मंगलवार को कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए, साथ ही उनके कई आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। सहयोग केन्द्र में 225 विषयों से संबंधित कुल 142 आवेदन आए। इस दौरान लगभग 400 कार्यकर्ता सहयोग केन्द्र में पहुंचे थे। सहयोग केंद्र में प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी एवं सहयोग केन्द्र प्रभारी सच्चिदानंद उपासने उपस्थित रहे।

## 6 आईएफएस पदोन्नत

**रायपुर।** राज्य सरकार के वन विभाग के द्वारा भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नति दी गई है। यह पदोन्नति भारतीय वन सेवा भर्ती नियम में उल्लेखित प्रावधान अंतर्गत की गई है। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2022 बैच के 6 आईएफएस अधिकारियों को यह पदोन्नति दी गई है। पदोन्नत अधिकारियों में दीपेश कपिल, एस नवीन कुमार, वेंकटेश एमजी, चंद्र कुमार अग्रवाल, ऋषभ जैन, विपुल अग्रवाल शामिल हैं।

## कैबिनेट आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होगी। कैबिनेट में विधानसभा बजट सत्र की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। वहीं सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा होगी। आवास पर्यावरण विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रस्तुत कुछ विधेयक पर चर्चा के बाद उसे विधि विभाग को भेजा जाएगा। वहां अन्य विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा कर उसे मंजूरी दी जाएगी।

## पुलक बनाए गए जीएडी में उप सचिव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक स्तर पर बदलाव करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पुलक भट्टाचार्य को तत्काल प्रभाव से सामान्य प्रशासन विभाग (मंत्रालय) में उप सचिव पद पर पदस्थ किया है। इस संबंध में आदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। अब तक वे संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर में अपर संचालक के रूप में कार्यरत थे।

## पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा (2025) प्रदेश के सभी 33 जिलों में 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। जबकि मुख्य परीक्षा 16 से 19 मई तक आयोजित होगी।

---

### मोहतरा के आतिफ मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव प्रतिभावान छात्र सम्मानित

# वार्षिकोत्सव में शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की गूंज, छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत मोहतरा (ह) के आतिफ मॉडल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान हुआ। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और मेधावी विद्यार्थियों को स्व. डुकेश्वर पाटिल की स्मृति में 12वीं व 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान आने पर आतिफ मॉडल पब्लिक स्कूल मोहतरा (ह) द्वारा 3001-3001 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को 2001-2001 रुपए से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अल्का अजय साहू सरपंच ने शिक्षा और तकनीकी ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में 24 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े संदेशों ने पूरे माहौल को प्रेरणादायी बना दिया 1 बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों और मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया, वहीं अतिथियों ने बदलते दौर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्का अजय साहू सरपंच ने कहा कि देश का भविष्य बच्चों के नन्हें हाथों में सुरक्षित है। समय की मांग के अनुसार बच्चों को आधुनिक और तकनीकी ज्ञान से जोड़ना बेहद जरूरी है, ताकि वे आगे चलकर देश और समाज का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शीतल संजय साहू उपसरपंच ने कहा कि शिक्षा जगत में तेजी से बदलाव हो रहा हैं और इन्हीं परिवर्तनों के अनुरूप बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्कूल के प्रधानपाठक एलिस पाटिल ने शिक्षा को ज्योति बताते हुए कहा कि इसके प्रकाश से पूरा विश्व आलोकित होता है। समारोह में विद्यालय स्तर मुख्य परीक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान आने वाले करीब 24 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने अरेरे मेरी जान है राधा, चंदवा बैगा, टुकनी धर के आबे, देश रंगीला, जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। सरस्वती वंदना, अरेरे मेरी जान है राधा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वही कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मोहतरा (ह) की सरपंच अल्का अजय साहू, उपसरपंच शीतल संजय साहू, व सभी पंचगण, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ममता मानिकपुरी, गरिमा फाउंडेशन के अध्यक्ष मिथलेश बर्मन, एवं सचिव पदमा बर्मन, विद्यालय के उपप्रधान पाठक सीमा एलिस पाटिल, कु. मनीषा यादव, कु.पुष्पा साहू, मुकेश कुमार बारले, कु. मोनिका यादव व अभिभावकगण आदि लोग मौजूद रहे 1

---

# बारनवापारा स्कूल में हुआ विदाई समारोह, कार्यक्रम में भावुक हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा शाला प्रांगण में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवाकाल के तय आयु सीमा पूर्ण हुए बतौर शिक्षक विभिन्न पदों पर सुशोभित लोचनचंद्र शेखर प्रसाद प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारनवापारा एवं शैक्षणिक सत्र सेवाविस्तार कार्यरत रही कन्या आश्रम बारनवापारा की शिक्षिका संध्या शर्मा को संयुक्त मुख्य अतिथि आसंदी स्वागत-सम्मान के साथ शाल, श्रीफल, अंग वस्त्र, पेन, डायरी, मोमेंटो इत्यादि सप्रेम भेंटकर सम्मानपूर्वक भावभीनी नम आँखों से विदाई दी गई।

यह आयोजन शाला परिवार एवं शाउमावि बारनवापारा शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ढाकेश्वर चौहान, सरपंच प्रतिनिधि भुवन यादव और जनपद सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण ठाकुर के विशेष सहयोग से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रधान पाठक लोचनचंद्र शेखर प्रसाद ने अपनी प्रथम नियुक्ति से सेवाकाल के पूरे करीब 40 सालों के इस वनांचल क्षेत्र में बीते हरेक पलों-लम्हों, समय-दिनों को याद कर काफी भावुक हुए। उन्होंने कहा कि विदाई का यह क्षण मेरे लिए काफी दुखद है। भावनाओं मैं भरा हुआ हूँ। गला अवरूद्ध हो रहा है। बहुत ही संभल कर व्यक्त कर पा रहा हूँ। इस शाला में प्रायमरी से हायर सेकंडरी स्कूल तक हम सभी एक परिवार की तरह रहते थे। समय ऐसे बीतता गया कि पता ही नहीं चला। सभी का अपार सहयोग, उनका अनुभव, हमेशा हर चुनौतियों में उनका साथ, हरेक स्थिति-परिस्थितियों में साथ निभाना मुझे आल्हादित करता है। मेरे जीवन को अच्छा बनाता रहा। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी जिज्ञासा कम मत होने दें। पूरी लगन, निष्ठा के साथ खूब मेहनत कर जीवन में आगे बढ़ें। सफलता हासिल करें। कभी डांट, हंसी-मज़ाक किया हूँ। उन बातों पर ध्यान नही देना। हमने शिक्षा दी है। उसे सीख के रूप में ग्रहण कर लेना। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार नवापारा के संस्था प्रमुख गुलाब राम चौधरी ने आभार प्रकट करते कहा कि जैसे घर गांव में सियान का होना जरूरी है।

---

# प्राथमिक स्कूल के मातृ सम्मेलन में सरकार की विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्राथमिक शाला छेरकाडीह में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रशिक्षण प्रभारी शिक्षिका दुर्गा साहू द्वारा समग्र शिक्षा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी माताओं को दी गई। इसमें निःशुल्क पाठयपुस्तक वितरण, निःशुल्क सायकिल, छात्रवृति, गणवेश, मध्यान्ह भोजन, न्योता भोज, पीएम श्री विद्यालय, निपुण भारत, बस्तामुक्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय योजना, निः शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम, बालवाड़ी, अंगना म शिक्षा, मुस्कान पुस्तकालय, जादुई पिटारा, रचनात्मक लेखन, विद्यार्थी विकास सूचकांक, शाला प्रबंधन योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात माताओं के बीच खेल का आयोजन कर बच्चों के लिए माताओ का प्रेरणा प्रस्तुत किया गया। विजेताओं को सरपंच सती मांडले के हाथों पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मातृ सम्मेलन का उद्देश्य शासन की योजनाओं क़ो माताओ तक प्रेषित करना था जिससे सभी अपने बच्चों के प्रति शशक्त रूप से जागरूक होकर लाभ लें सके। इस कार्यक्रम में वृहत रूप से माताओ की सहभागिता सराहनीय रही। सम्मेलन में एसएमसी अध्यक्ष गनेश्वरी पनिका, उपाध्यक्ष रमेशिया रात्रे, पंच देवमति, अंजू बंजारे, जानकी आजाद, संतोषी मानिकपुरी, सुनीता मानिकपुरी, मोतिन बाई, अन्नू मानिकपुरी, हीरा, भोजबाई, अक्षय कुमारी, कुमारी बाई, अमरौतीन, मुन्नी, सोनिया, गनेशिया, सुक्रिता, कलश, कुंती,फुलेश्वरी, अश्वनी, जमुना, नीतू, हीरा, रेशमति, चेतन, कोमल, शांता, लक्ष्मी, कलेण्द्री जांगड़े सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

---

## पशु कल्याण जागरुकता माह के तहत उमरिया स्कूल में निबंध प्रतियोगिता

**महासमुंद।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक जिले में पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक पशुपालन पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पशु कल्याण को प्रोत्साहित करना है।

इसी क्रम में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू के मार्गदर्शन में विकासखंड बसना अंतर्गत शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला ग्राम उमरिया में पशु संरक्षण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के 55 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने पशु संरक्षण एवं कल्याण पर अपने विचारों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार महक मानिकपुरी, द्वितीय पुरस्कार दिलेश्वरी सिदार तथा तृतीय पुरस्कार चांदनी दीवान को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. योगेश्वर पटेल, प्रभारी पशु चिकित्सालय भंवरपुर द्वारा किया गया। इसमें शाला प्राचार्य जगदीश प्रसाद सिदार सहित शिक्षक लखन लाल चौधरी, नीलांबर चौधरी एवं गीतांजलि साहू का विशेष सहयोग रहा।

---

# शिक्षक घर-घर जाकर छात्रों को स्कूल भेजने पालकों को कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पूर्व माध्यमिक विद्यालय छड़िया में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के उद्देश्य से पालक संपर्क अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने वाले विद्यार्थियों के घर-घर जाकर उनके अभिभावकों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। शिक्षकगण पालकों को बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। उन्हें समझाया जा रहा है कि शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति का लाभ नियमित उपस्थिति एवं आवश्यक दस्तावेजों की समय पर उपलब्धता पर निर्भर करता है। इस हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए पालकों को जागरूक किया जा रहा है।

गांव में भ्रमण के दौरान विद्यालय समय में बाहर घूमते पाए जाने वाले बच्चों को तत्काल विद्यालय लाकर उनकी अनुपस्थिति के कारणों की जानकारी ली जा रही है तथा परामर्श देकर उन्हें नियमित अध्ययन हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि समस्याओं का समुचित एवं निदानात्मक समाधान किया जा सके। इस अभियान में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं संगम कुमार मन्नाडे की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय है। दोनों शिक्षक ग्राम भ्रमण, पालक संपर्क एवं दस्तावेज संकलन की प्रक्रिया में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं, जिससे अभियान को प्रभावी सफलता मिल रही है। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि इस प्रकार के प्रयासों से न केवल विद्यालय की उपस्थिति में वृद्धि होगी, बल्कि विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य भी अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनेगा।

---

# मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मिला छग टीचर्स का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग टीचर्स एसोसिएशन जिला के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग की समस्याओं से अवगत कराकर त्वरित निराकारण का आग्रह किया। एसोसिएशन ने आशीष देवांगन व्याख्याता शासकीय आशीबाई गोलछा उमावि महासमुंद के निलंबन की प्रक्रिया पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला विद्यालय स्तर पर निराकृत हो चुका था जिसकी जानकारी लिखित में आशीष देवांगन को 31/10/2025 को दी गई थी। विद्यालयीन अनुशासन व्यवस्था की जिम्मेदारी प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ की होती है और जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षकों के संरक्षक होते हैं। फिर मात्र मौखिक शिकायत पर निलंबन तक की कार्रवाई का हो जाना समझ से परे है। जांच दल में संबंधित स्कूल के प्राचार्य को सम्मिलित करना भी न्यायोचित प्रतीत नही होता है। एसोसिएशन ने प्राचार्य स्तरीय समिति बनाकर जांच करने की मांग की है तथा निलंबन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। शाउमाशा नरतोरा के निलंबित व्याख्याता द्वारिका प्रसाद चंद्राकर के निलंबन के पूर्व अर्जित अवकाश की स्वीकृति के बाद भी वेतन न निकाले जाने पर डीइओ को संबंधित डीडीओ को निर्देशित करने का आग्रह किया। एसोसिएशन ने सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति, चिकित्सा प्रतिपूर्ति आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई, सीजीपीएफ खाता संधारण, उच्च परीक्षा अनुमति के लिए प्राप्त आवेदन का तत्काल निराकरण, वरिष्ठता के आधार पर विद्यालय में प्रभारी नियुक्त करने सबंधी अहित अद्यतन शिक्षकीय समस्याओं पर त्वरित निराकरण की मांग की।

---

# नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन




पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अगले कड़ी में प्राचार्य बि गिरिजा ने प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम के बारे में समस्त सहभागी को विशेष जानकारी प्रदान की। प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में बलोदा बाजार जिले के 25 विभिन्न विद्यालयों से चयनित हुए 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिनमें 20 छात्र और 20 छात्राएं शामिल थे। विद्यार्थियों में उत्साह और सृजनात्मक ऊर्जा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यार्थियों ने अपने विचारों में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, नवाचार शिक्षा पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्य जैसे विषयों को प्रमुखता से उभारा। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों में से एक उत्कृष्ट बालक और एक उत्कृष्ट बालिका का चयन जिला स्तर पर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न संस्थाओं से विशेषज्ञ निर्णय की समिति गठित की गई। जिसमें एसके पांडे, ज्ञान प्रकाश कुशवाहा, वर्षा मोहन, तरनू बानो शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने सृजनात्मक लेखन एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। चयनित उत्कृष्ट छात्र और छात्रा को बड़नगर गुजरात स्थित प्रेरणा स्कूल की शैक्षणिक यात्रा का अवसर प्राप्त होगा। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थी मूल्य आधारित शिक्षा अनुभवात्मक अधिगम और शैक्षणिक नवाचारों से परिचित होंगे, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रभारी मंदोदरी सेठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम प्रभारी मंदोदरी सेठ ने आभार व्यक्त किया।

---

# आशीबाई गोलछा स्कूल में हुआ विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य जीआर सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, छाया रंगारी, प्रज्ञा लांजेवार, भारती यादव, खेमलता कंवर, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, तुलसी राम साहू, ज्योति किरण चंद्राकर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं बारहवीं के छात्र छात्राओं ने भी विद्यालय में बिताए गए समय को याद करते हुए अपने खट्टे-मीठे अनुभव बांटे। कार्यक्रम में बारहवीं वाणिज्य संकाय की छात्रा आशीसेन को मिस फेयरवेल तथा विज्ञान संकाय के छात्र कुणाल कुलदीप को मिस्टर फेयरवेल चुना गया, जिन्हें प्राचार्य के द्वारा सम्मानित किया गया।

---

# उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बरोंडा चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपाइयों ने उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित था। देश के विकास में उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके आदर्श आज भी कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा शहर मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, भाजपा नेता महेंद्र जैन, पार्षद माखन पटेल, भाजपा नेता गोविंद सिंह ठाकुर, हनीश बग्गा, आनंद साहू, गौरव चंद्राकर, शरद मराठा, नंदू जलक्षत्री, हिमांशु चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, गोपी कन्नौजे, आयुष दुबे उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### शिक्षकों को किया गया सम्मान

**महासमुंद**। राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू के जन्मदिवस पर शिक्षकों का सम्मान फूल माला पहनाकर, गुलदस्ता, श्रीफल साल भेंटकर किया गया। तुषार ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि शिक्षा-जगत के उन सपूतों को नमन है, जिन्होंने अपने जीवन की ज्योति दूसरों के मार्ग को प्रकाशित करने में समर्पित ही है। क्योंकि शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तकों के ज्ञानदाता नहीं होते हैं, बल्कि वे मूल्य, संस्कार और जीवन जीने की कला के शिल्पकार भी होते हैं। वे समाज के वह आधारस्तंभ हैं, जिन पर भविष्य की पूरी इमारत खड़ी होती है। आज जब तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दौर तेजी से बढ़ रहा है, तब भी एक सच्चे शिक्षक की भूमिका अपूर्णीय है।

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद**। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## विभिन्न विकास कार्यों का विधायक साव ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

# क्षेत्र की सड़कों के नव निर्माण और उन्नयन से गांव का विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

भाटापारा विधानसभा के ग्राम मर्राकोना में सीसी रोड, किचन शेड सहित अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन एवं भूमिपूजन विधायक इंद्र साव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को मध्यान्ह भोजन के समय हो रही परेशानी से अब उन्हें किचन शेड के निर्माण होने से बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने हमेशा से महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए आगे आकर बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है।



अब किचन शेड के निर्माण से ना केवल बारिश से बचत होगी बल्कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में धूप से निजात मिलेगी। विधायक साव ने कहा कि वे हमेशा से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के नव निर्माण और उन्नयन से गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक शहर के विकास की परिकल्पना बेमानी है। विधायक साव ने कहा कि आप लोगों के सहयोग और आशीर्वाद से जब से वे विधायक बने है तब से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इसके पूर्व गांव पहुंचने पर विधायक साव का ग्राम के सरपंच कुबेर यदु, पंचगण एवं ग्रामीणों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक साव ने भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात गांव में चल रहे श्रीमद भागवत कथा पंडाल पहुंच कर भागवत भगवान का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र में खुशहाली और अमन चैन के लिए प्रार्थना की। श्री साव ने व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य डोमेन्द्र शर्मा का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने अपने संबोधन में ग्रामवासियों को इस विकास कार्य के लिए बधाई दी। जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन ग्राम सरपंच कुबेर यदु ने तथा संचालन उपसरपंच इनदरमन साहू ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, बिसौनी निषाद, अहिल्या मानिकपुरी, केवलदास मानिकपुरी, बुधियारिन निषाद, गुंजा निषाद, सुरेश निषाद, चंदा साहू, सविता निषाद, तिथि राम निषाद, हितेंद्र यदु, अकलतरा सरपंच बबलू यदु, मुसवाडीह सरपंच कमलेश यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा अजा मोर्चा की मंडल बैठक में संगठन विस्तार पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की मंडल स्तरीय बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती आगामी कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल प्रवास के दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चरणदास तेहरवंश का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा का लक्ष्य है। जिला अध्यक्ष चरणदास तेहरवंश ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के उत्थान के लिए भाजपा निरंतर कार्य कर रही है और सभी कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से सेवा में जुटना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडेय ने पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं विकास कार्यों पर प्रकाश डाला तथा कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति निष्ठावान रहकर कार्य करने की प्रेरणा दी। उक्त बैठक में छोटू यदु महामंत्री, योगेश राहुल साहू महामंत्री, विकाश सोनकर उपाध्यक्ष न.पा, अभिजीत अवस्थी कोषाध्यक्ष, सचिन जैन उपाध्यक्ष, सूर्यकांत ताम्रकार, भागवत वर्मा, विष्णु जायसवाल, टुकेश देवांगन, पीताम्बर सोनकर, अनूप तिवारी, परस पाटकर, गोविंदा धृतलहरे, रोहित कुर्रे, दीपक बांधे, हेमलाल कुर्रे, कमल ओगरे, ओमप्रकाश बंजारे, समी टंडन, मुकेश बंजारे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए जिले के पांच शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बलौदाबाजार जिले के पांच शिक्षकों ने भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान आईआईएसआर पुणे में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य उच्चतर स्तर पर शिक्षकों को आधुनिक विज्ञान शिक्षण विधियों से परिचित कराना था। बलौदाबाजार जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे डीएमसी बलौदाबाजार नरेंद्र कुमार वर्मा राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा से राजेश सोनकर जिला ऐ पी सी जहीर अब्बास के मार्गदर्शन में टोनाटार



शासकीय हाईस्कूल के व्याख्याता शशिकांत सिंह डहरिया, शासकीय हाई स्कूल बिजराडीह के व्याख्याता धीरेंद्र सिंह सिसोदिया,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर के व्याख्याता केदारनाथ जायसवाल, सेजेस एमडीवी स्कूल बलौदाबाजार के व्याख्याता एश्वर्य शर्मा, शासकीय हाईस्कूल टोनाटार के व्याख्याता गणेश राम वर्मा ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने आईआईएसईआर पुणे के राष्ट्रीय केंद्र का अवलोकन किया। उन्हें सरल और रोचक प्रयोगो के बारे में जानकारी दी गई जो प्रभावी शिक्षण सामग्री बनाने में सहायक होगी। इसके अतिरिक्त तारामंडल का दौरा किया और खगोलीय पिंडों का अवलोकन किया। शिक्षकों के लिए शोध आधारित शिक्षण सामग्री तैयार करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षकों को अनुसंधान आधारित कौशल विकसित करने का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उन्हें प्रकाश गुरुत्वाकर्षण तारे गति और स्थानांतरण जैसे जटिल विषयों को दैनिक जीवन के उदाहरणों का उपयोग करके सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने के तरीके सिखाए गए।

## कुर्मी समाज का दो दिवसीय महाअधिवेशन चांपा में होगा

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा**। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय महाअधिवेशन बलौदाबाजार राज अंतर्गत ग्राम पंचायत चांपा (सैहा) में आयोजित किया जाना तय हुआ है। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर राज कार्यकारिणी एवं ग्राम इकाई चांपा की संयुक्त बैठक कुर्मी भवन चांपा में की गई, जिसमें मंत्री टंकराम वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में राज प्रधान सुनीता वर्मा भी उपस्थित रहीं।

बैठक का संचालन युवा अध्यक्ष रघुनंदन बघमार ने किया। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि कुर्मी समाज का महाअधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और समाज के भविष्य की



दिशा तय करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि आयोजन को यादगार, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहने दें।

मंत्री टंकराम वर्मा ने आयोजन स्थल, मंच व्यवस्था, अतिथि स्वागत, आवास, भोजन, यातायात, सुरक्षा व्यवस्था, प्रचार-प्रसार एवं अनुशासन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि महाअधिवेशन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य कोपराम वर्मा, केंद्रीय युवा संरक्षक कपिल कश्यप, बलौदाबाजार राज के संरक्षक नरसिंह वर्मा, राज मंत्री द्वारिका वर्मा, उप राज प्रधान जितेंद्र धुरंधर, जनपद सदस्य पवन वर्मा, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, संगठन मंत्री हरिश्चंद्र वर्मा, नगर अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा, महिला अध्यक्षा सरिता नायक, सुशीला वर्मा, तिलक वर्मा, राजेश वर्मा, रुपेंद्र वर्मा, क्षेत्र प्रधान एवं समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# दो स्कूलों के 310 छात्रों को संयंत्र ने दिया कैरियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर, मैट्स यूनिवर्सिटी, विजन स्किल एकेडमी एवं दीवा कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में हायर सेकंडरी स्कूल गूमा एवं नेवारी में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम हुआ। इसमें 310 विद्यार्थियों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बदलते करियर विकल्पों, नई रोजगार संभावनाओं और उनकी रुचि व क्षमता के आधार पर सही करियर मार्ग चुनने में सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी से दीपांशु शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राची उपाध्याय एकेडमिक काउंसलर, शिवांगी तिवारी असिस्टेंट प्रोफेसर, विजन स्किल एकेडमी से राहूल







सिंग एवं दीवा कॉलेज तिल्दा से दीपा पाण्डेय ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंजीनियरिंग, मेडिकल, कॉमर्स, आर्ट्स, स्किलडेवलपमेंट, सरकारी सेवाएं, उद्यमिता तथा आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों के उपयोगी जानकारी दी। सत्र के दौरान छात्रों को करियर चयन की प्रक्रिया, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, तथा प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा गुमा के शिक्षक डीपी साहू, प्रमोद देवांगन, मंजू चौहान, ममता ध्रुव, संतराम साहू एवं नेवारी स्कूल के शिक्षक वाय पी साहू, सारिका सोम एवं जयलक्ष्मी तथा सीएसआर टीम से हेमलता ध्रुव एवं सुरेन्द्र यादव की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद स्कूल में छात्रों और शिक्षकों को खिलायी गई फाइलेरिया की दवा



**सेल।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल में फायलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा हैं। फायलेरिया उन्मूलन अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी डॉक्टर और मितानिन ने मौजूद रहें हुए थे। 11 फरवरी को बालिका 29 बालक 23 तथा 14 शिक्षकों को फाइलेरिया हाथी पांव की दवा खिलायी गई। बीमारी से बचने फायलेरिया हाथी पांव दवाई खिलाया गया। प्राचार्य जितेंद्र देवांगन, रोहित लाल साहू, हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, जैकलीन हेरेंज ओमप्रकाश साहू, रम्हैया कश्यप, छोटू दास मानिकपुरी, चंद्रप्रकाश साहू, मुकेश साहू, चिरंजीव गुप्ता, आरजू वर्मा, रोहित घृतलहरे, श्रेया वाकडे, अश्विनी कौर, वंदना साहू, स्वर्णलता डड़सेना, गोदावरी पटेल, विजयेन्द्र जायसवाल, शशीकला साहू, निशा देशलहरे, तुलसी रानी, हेमा दुबे, अमित साहू, कल्याणी पटेल, मयंक चंद्राकर, प्रज्ञा पटेल, दीपक यादव, शुभम सोनी, सृष्टि मिश्रा, लोकेश अविनाश, दास गौतम पटेल, गवेश हिरवानी, मानसी पटेल, प्रांजल यादव, पुष्पेंद्र साहू, सीमा कुर्रे, विकास कुर्रे, हेमा दुबे, कल्याणी पटेल, नेहा घृतलहरे, सहित स्टाफ के समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित हुए थे।

### ढाबाडीह में रामायण 12 से

**भाटापारा।** ग्राम ढाबाडीह में श्री अखण्ड तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक किया गया है। 15 को रामायण चढ़ोत्तरी विराम हवन पूजन व पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। ग्राम ढाबाडीह यहां से 5 किमी दूर पश्चिम में स्थित है। उक्त जानकारी संचालक डॉ. कमल रजक ने दी।

### मुड़मार में महाशिवरात्रि पर होगा मानस गान

**नर्रा।** ग्राम मुड़पार को महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मानस गान महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें अमांत्रित मानस मंडली जय अंबे मानस परिवार कोकड़ी, दरस परस मानस परिवार खुर्सीपार, जय मां मनकेसरी महिला मानस परिवार टहंकापार उत्तर बस्तर कांकेर, पुष्पाजंलि महिला मानस परिवार भखारा मगरलोड़ धमतरी आदि शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव होंगे।

### शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक, जो अमर वीर शहीदों की स्मृति में बनाया गया है। जहां स्वच्छता का कार्य चलता रहता है। शहीद स्मारक में समय-समय पर घास की कटाई और परिसर की साफ सफाई की जाती है। भारत देश के लिए अमर वीर जवान ने अपना बलिदान दिया गया है।

## निधन

### गोवर्धन भारती

**हथबंद।** स्थानीय निवासी गोवर्धन भारती 58 वर्ष का मंगलवार 10 फरवरी को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम सिनोधा गोरदी में 11 फरवरी में किया गया वे अंजनी भारती प्रधान पाठिका के पति, कीर्तिमान भारती के पिता थे।

आयोजन : जनभागीदारी, छात्र सहभागिता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियां सम्मानित

# वन अग्नि सुरक्षा के लिए अर्जुनी परिक्षेत्र में लगाई गई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अर्जुनी वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनाग्नि से सुरक्षा हेतु एक व्यापक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी अग्नि सीज़न 2026 के दौरान वनों को आग से सुरक्षित रखने हेतु ग्रामीणों, वन प्रबंधन समितियों एवं वन अमले की सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने ग्रामीणों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वनाग्नि की किसी भी घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग तक पहुंचाएं तथा आग की रोकथाम में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यदि समय पर सामूहिक प्रयास किए जाएं तो शून्य वनाग्नि घटना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर वनों में आग लगने के प्रमुख कारणों एवं उनसे होने वाले पर्यावरणीय, वन्यजीव एवं मानवीय दुष्प्रभावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।





जन जागरूकता को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गिरौदपुरी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वनाग्नि विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने कविता पाठ एवं चित्रकला के माध्यम से वनाग्नि से होने वाले नुकसान को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। छात्रों की इस सहभागिता को सभी ने सराहा।

कार्यशाला में उपस्थित वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी वनाग्नि के कारणों, अनुभवों एवं स्थानीय स्तर पर अपनाए गए उपायों को साझा किया गया। पिछले पांच वर्षों के आंकड़ों के आधार पर अर्जुनी, थरगांव, महराजी एवं खोसड़ा वन प्रबंधन समितियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता एवं सक्रिय सहभागिता के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इन समितियों के प्रयासों को अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यशाला में प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन कुमार साहू, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल डब्बू साहू, मीनाक्षी साहू, रूपेश्वरी दीवान सहित अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सरपंच, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, गिरौदपुरी एवं अर्जुनी विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

# भाजपा ने मनायी पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीन दयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा समेत मौजूद सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

शिवरतन शर्मा ने कहा - पं. दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनका चिंतन और सिद्धांत समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके कार्य, विचार एवं आदर्श हमें राष्ट्रहित में समर्पित होकर निरंतर जनसेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण की ओर अग्रसर करता हैं।

शिवरतन शर्मा ने कहा की पंडित उपाध्याय का मानना था कि भारत के विकास का आधार यहां की अपनी संस्कृति और सनातन धर्म होना चाहिए। उनका दर्शन अंत्योदय यानी 'अंतिम व्यक्ति का उदय' पर केंद्रित था, जिसका लक्ष्य समाज के सबसे गरीब और पिछड़े व्यक्ति तक विकास के लाभ पहुंचाना था। सादगी, त्याग और समर्पण से भरा उनका जीवन हमें राष्ट्र और समाज की निःस्वार्थ सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, महाबल बघेल, उमा शंकर वर्मा, पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, ठाकुर राम साहू, लुकू साहू, पीताम्बर साहू, देवक साहू , मोहम्मद हारून, रोहित साहू, दिनेश वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। इस संबंध में जिला न्यायालय बलौदाबाजार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सचिव अमिता जायसवाल, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश पाल, पुलिस प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अपर कलेक्टर दिप्ती गोटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नेशनल लोक अदालत को सफल बनाना तथा अधिक से अधिक मामलों का त्वरित एवं आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण सुनिश्चित करना रहा। लोक अदालत वैकल्पिक विवाद समाधान का प्रभावी मंच है, जहां बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान किया जाता है। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, दीवानी प्रकरण, चेक बाउंस, धन वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, ट्रैफिक चालान सहित विभिन्न मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन के माध्यम से बैंक वसूली, विद्युत बकाया, जल एवं संपत्ति कर, टेलीफोन बिल आदि मामलों का भी समाधान किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार के अलावा व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा एवं कसडोल में गठित की जाएगी। साथ ही राजस्व एवं तहसील न्यायालयों में भी खंडपीठ का गठन किया जाएगा। लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिए जिला अस्पताल के समन्वय से न्यायालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार ने जनसामान्य से अपील की है कि वे नेशनल लोक अदालत में सक्रिय सहभागिता कर इस अवसर का लाभ उठाएं, ताकि विवादों का शीघ्र, सरल एवं सुलभ समाधान संभव हो सके।

# छात्रों को दिया गया कैरियर गाइडेंस और मार्गदर्शन




**भाटापारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड एग्रीकल्चर एवं आईटी में 9वीं से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं। छात्र छात्राओं को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित ओमप्रकाश साहू जीएसटी इंस्पेक्टर द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने बच्चों को सफ़लता अर्जित करने के लिए निरंतर कठिन परिश्रम एवं आत्मविश्वास पर जोर देते हुए भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के बारीकियों का विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के संघर्ष एवं परिश्रम के द्वारा कैसे अपने जीवन में कई असफलताओं एवं कठिनाइयां के बावजूद अडिग रहकर निरंतर परिश्रम कर सफलता अर्जित करने के प्रेरणादायी बातें बताई बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक विभिन्न क्षेत्रों के प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में अपनी शंकाओं से संबंधित समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य डी के शर्मा शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया और बच्चों को उज्वल भविष्य की कामना और बधाई देकर उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता हेमलाल साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला के व्याख्याता अनूप कुमार खरे शुभा शर्मा, रेणु शर्मा, चंद्रकांत बागडे, राकेश वर्मा, व्यावसायिक प्रशिक्षक गजेंद्र कुमार साहू (कृषि), गिरजा शंकर तिवारी (आई.टी) सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेमराडीह में सामुदायिक भवन और पंप हाउस का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम सेमराडीह में स्थानीय ग्रामीणों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए श्री सीमेंट द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन एवं पंप हाउस का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक भवन एवं पंप हाउस निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर श्री सीमेंट ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार करते हुए उक्त निर्माण कार्य पूर्ण कराया। इस सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के आयोजन हेतु स्थायी मंच उपलब्ध हो सकेगा, वहीं पंप हाउस के माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है, जिससे ग्रामवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

लोकार्पण समारोह श्री सीमेंट के इकाई प्रमुख हुकुमचंद गुप्ता, मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार पाठक, अभय प्रताप सिंह, विनोद कुमार देवांगन तथा ग्राम सरपंच प्रीमिला जितेंद्र वर्मा एवं उपसरपंच देवनाथ साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरपंच प्रीमिला जितेंद्र वर्मा ने कहा कि श्री सीमेंट हमेशा ग्राम विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाती रही है। कार्यक्रम में उपसरपंच देवनाथ साहू, पंचगण त्यागरी लालकेश्वरी साहू, उत्तरा ध्रुव, मंजू साहू, टीका ध्रुव, गिरिजा, राजू यगरी, नखराम वर्मा, बाबूराम यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।






सेल में ग्रामीणों के सहयोग से भागवत कथा जारी

# भागवत कथा में गूंजे शिव-पार्वती विवाह के मंगल गीत, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम सेल में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस कपिलवार्ता के अनर्गत पं. कीर्तिकुमार पाण्डेय जीव की गति का वर्णन करते हुये बताया की कई जन्मों के पुण्य जागृत होने पर जीव को मनुष्य का शरीर प्राप्त होता है, जो देवताओं के लिए भी बड़ा दुर्लभ माना गया है। मोक्ष का उत्तम साधन है मनुष्य का जीवन और मोक्ष का मार्ग है। सत्संग जहां हमें ब्रम्ह तत्व का ज्ञान मिलता है और ईश्वर की भक्ति और प्रेम का मार्गदर्शन होता है। जिस भक्ति के मार्ग से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मुक्ति के मार्ग में हमारा मन ही हमारा सबसे बड़ा मित्र है। यदि हमारा मन संसार के प्रति आसक्त है, तो हम जीते जी संसार के बंधन मे बंधे हुए है और यदि हमारा मन संसार से विरक्त है, तो हम जीते जी ही बंधन से मुक्त है तात्पर्य यह है कि हमारा मन ही हमारी मुक्ति और बंधन का कारण है, तो मन को जितना सीखिए मन को जितने के लिए आप जितना अपने मन को गोविंद की भक्ति मे लगायेगे उतना ही आप ईश्वर के समीप जायेंगे। माता सती एवं भगवान शिवजी के प्रसंग की व्याख्या की गई, जिसमें माता सती को मोह के कारण भगवान श्रीराम की परीक्षा लेनी पड़ी, जिसके कारण भगवान शिवजी से उनका वियोग हों गया दक्ष की यज्ञ मे माता सती ने अपने पति के अपमान से आहत होकर अपने शरीर को जला दिया।



पुनः माता सती का जन्म राजा हिमांचल एवं रानी मैना के घर मे माता पार्वती के रूप मे हुआ एवं माता पार्वती का विवाह बड़ी धूमधाम से सुंदर झांकी एवं गीत नृत्य के साथ संपन्न हुआ आज की कथा मे गाँव एवं आसपास के गाँव से सैकड़ो माताएँ बहने एवं श्रद्धालूगण उपस्थित रहें मंगल आरती के साथ सभी भक्तो को भंडारे से भोजन प्रसाद भी वितरण किया गया आज का भंडारा कुलदीप साहू एवं कृष्ण कुमार साहू कृषि विस्तार अधिकारी सुतियापारा सेल वालों के सहयोग से संपन्न हुआ।



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411